

## दूध लेकर जा रहे युवक को पिकअप ने कुचला, मौत

- आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम
- एंबुलेंस और डायल-112 की देरी पर भड़का गुस्सा



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर से सटे कनेरी रोड पर गुरुवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने दूध लेकर जा रहे बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर विरोध जताया।

जानकारी के अनुसार घटना डीडी नगर थाना क्षेत्र के कनेरी रोड पर सुबह करीब 6:30 बजे हुई। गांव कनेरी निवासी मोतीलाल गुर्जर रोजाना की तरह बाइक से दूध लेकर शहर की ओर जा रहा था। उसके पीछे उसके काका मांगीलाल गुर्जर भी दूसरी बाइक से आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मोतीलाल की बाइक को टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मोतीलाल सड़क पर दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर रखी दूध की कैनें करीब 60 से 70 फीट दूर खेत में जा गिरीं। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

मृतक के काका मांगीलाल गुर्जर ने बताया कि घटना के तुरंत बाद एंबुलेंस 108 और डायल-112 पर सूचना दी गई, लेकिन करीब एक घंटे तक कोई सहायता मौके पर नहीं पहुंची।

> **ग्रामीणों में सड़क पर बैठक किया प्रदर्शन**
>
> घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। समय पर एंबुलेंस और पुलिस सहायता नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने कनेरी रोड पर चक्काजाम कर सड़क के बीच बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए।

बाद में गांव से कार बुलाकर घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। करीब 9 बजे पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाइश दी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि फरार पिकअप चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और चक्काजाम समाप्त किया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## 12 लाख की चोरी का खुलासा, शातिर आरोपी गिरफ्तार

- सोने के जेवर, चार मोबाइल और नकदी बरामद
- सीसीटीवी और तकनीकी जांच से मिली सफलता




**रतलाम/जावरा।** औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 12 लाख रुपये से अधिक की चोरी का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने के जेवर, मोबाइल फोन सहित चोरी गया मश्रुका बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम और चोरी की घटनाओं के त्वरित निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय सारवान के मार्गदर्शन में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार फरियादी पुनमचंद खराड़ी भील निवासी सेमलखेड़ा, हाल मुकाम अष्टापक कॉलोनी रतलाम ने 16 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाश उसके घर से सोने का हार, कान के सोने के लोंग, मोबाइल फोन और करीब 30 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गया। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

थाना प्रभारी निरीक्षक गायत्री सोनी के नेतृत्व में गठित टीम ने घटना स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। तकनीकी विश्लेषण और लगातार निगरानी के बाद पुलिस ने संदिग्ध सूरज उर्फ सुरेश चारेल को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से विवो, ओप्पो, सैमसंग सहित चार मोबाइल फोन, सोने का हार और कान के सोने के लोंग बरामद किए हैं। बरामद मश्रुका की कुल अनुमानित कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई गई है।

गिरफ्तार आरोपी सूरज उर्फ सुरेश चारेल, उम्र 22 वर्ष, मूल निवासी सिमलावदा थाना बिलपांक एवं हाल मुकाम छत्रीपुल रतलाम का रहने वाला है।

कार्रवाई में उपनिरीक्षक ध्यानसिंह सोलंकी, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, आरक्षक दिलीप रावत, विपुल भावसार, राहुल पाटीदार, अर्जुनसिंह, दुर्गालाल गुजराती, मोहन पाटीदार, पवन मेहता, कान्हा मेघवाल, विजय मालवीय, पारस चावला एवं लाखन की सराहनीय भूमिका रही।

## भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग आज से

**रतलाम।** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत 22 एवं 23 मई को जे.एम.डी. पैलेस में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग होगा। वर्ग में दो दिनों के दौरान कुल 12 सत्र आयोजित होंगे, जिनमें वरिष्ठ नेता मार्गदर्शन देंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय की अध्यक्षता में प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ 22 मई को सुबह 9 बजे होगा। वर्ग का समापन 23 मई को शाम 4:15 बजे संभाग प्रभारी सुरेश आर्य करेंगे। शुभारंभ संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला प्रभारी विवेक जोशी, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी नानालाल अटोलिया, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, विधायक डॉ. राजेंद्र पाण्डेय, डॉ. चिंतामणि मालवीय, मथुरालाल डामर, जिला पंचायत अध्यक्ष लालाबाई चन्द्रवंशी, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, जिला महामंत्री महेश सोनी, जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष क्रांति जोशी, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन एवं जिला मंत्री अनुज शर्मा उपस्थित रहेंगे।

## अब हर शनिवार राजस्व-लोकसेवा गारंटी शिविर

- 31 मई तक लंबित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 30 मार्च 2026 तक दर्ज बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन के लंबित मामलों का निराकरण 31 मई 2026 तक करने के निर्देश जारी किए गए हैं। राजस्व अधिकारियों को समयसीमा में प्रकरणों का निराकरण कर हितग्राहियों को संशोधित दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

कलेक्टर मिश्रा के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव के निर्देशन में जिले की सभी तहसीलों एवं अनुभागों में गुड गवर्नेंस प्रैक्टिसेज के अंतर्गत लंबित राजस्व प्रकरणों तथा लोकसेवा गारंटी के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए 'राजस्व निराकरण शिविर' एवं 'लोकसेवा शिविर' आयोजित किए जाएंगे। जारी निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह शनिवार को शिविर आयोजित कर राजस्व प्रकरणों एवं आवश्यक सेवाओं से जुड़े मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को लोकसेवा गारंटी अधिनियम तथा 30 मार्च 2026 तक पंजीबद्ध लंबित प्रकरणों की सतत मॉनिटरिंग कर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अज्ञात मोटरसाइकिल की टक्कर से वृद्ध महिला घायल

**शिवगढ़।** शिवगढ़-सैलाना रोड स्थित बड़ा मंदिर के सामने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने एक वृद्ध महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस के अनुसार फरियादिया पूंजीबाई पति जिवला भाभर, उम्र 80 वर्ष निवासी बखतपुरा खुर्द थाना शिवगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 मई 2026 को दोपहर करीब 3:30 बजे वह सड़क किनारे थी, तभी तेज गति एवं लापरवाही से आ रही अज्ञात मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गई। मामले में थाना शिवगढ़ पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक नजर में

## हत्या के प्रयास मामले में चार आरोपी और एक बालक गिरफ्तार

**जावरा।** जिले में गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत औद्योगिक क्षेत्र जावरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे 4 आरोपियों एवं एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक जावरा युवराजसिंह चौहान के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 5 मार्च 2026 को फरियादिया सुल्ताना बी निवासी श्यामपुरा ने थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपियों द्वारा मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया गया। मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान प्रकरण में विभिन्न धाराओं का इजाफा भी किया गया। मामले में पूर्व में आरोपी सलीम खाँ, अल्ताफ खाँ एवं एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि अन्य आरोपी फरार थे। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश गडरिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र, तकनीकी विश्लेषण एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर लगातार तलाश जारी रखी और 21 मई को कार्रवाई करते हुए फरार 4 आरोपियों एवं एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से मामले के संबंध में पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों में अनवर खाँ, शाहरुख खाँ, जाकिर खाँ एवं शाकीर उर्फ छोटा निवासी श्यामपुरा थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा शामिल हैं। कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रतापसिंह भदोरिया, प्रधान आरक्षक हिमांशु यादव, संजय आजंना, आरक्षक अभिजीतसिंह, अर्जुन प्रजापत, अर्जुन चंदेल, महिला आरक्षक सुनीता जाट एवं कौशल्या धनगर की सराहनीय भूमिका रही।

## आरसेटी में एक माह का नि:शुल्क महिला सिलाई प्रशिक्षण पूर्ण, दिए प्रमाण-पत्र

**रतलाम।** जिले के आरसेटी संस्थान में 20 अप्रैल से 20 मई तक आयोजित एक माह के नि:शुल्क 'महिला सिलाई' प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण में बेरोजगार एवं बीपीएल कार्डधारी युवतियों को सिलाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों का संस्थान द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर जयप्रकाश चौहान ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हुनर और आत्मविश्वास के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। अन्य अधिकारियों ने भी प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में आरसेटी संस्थान की ओर से सुरेन्द्रसिंह डामोर ने सभी अतिथियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर एनआरएलएम विभाग से डीपीएम जयप्रकाश चौहान, अमरसिंह तोमर एवं विश्वजीत कुशवाह, संस्थान निर्देशक राजीव सक्सेना, ओ.पी. काबरा, संकाय सदस्य सुरेन्द्रसिंह डामोर, संदीप वारगीय, ऑफिस असिस्टेंट श्रीमती सोनु राठौर, मोहित सिसोदिया सहित स्टाफ सदस्य भावेश सांकला एवं सत्यनारायण मैडा उपस्थित थे।

## ज्वेलर्स दुकान से लाखों की चोरी, कांग्रेस ने पुलिस पर उठाए प्रश्न

- मुख्य बाजार में स्टेट बैंक और जैन मंदिर के पास वारदात,
- सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस; थाने के घेराव की चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर के सदर बाजार स्थित मुख्य मार्ग पर स्टेट बैंक और जैन मंदिर के समीप स्थित शत्रुंजय ज्वेलर्स में हुई लाखों रुपए की चोरी से व्यापारियों और आमजन में दहशत का माहौल है। अज्ञात बदमाश दुकान से करीब 7 किलो चांदी एवं 15 ग्राम सोना चोरी कर ले गए, जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपए बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार दुकान संचालक अनिल जैन उर्फ पप्पू सेठ खाचरोद वाले की दुकान को चोरों ने बीती रात निशाना बनाया। घटना के बाद पूरे व्यापारी वर्ग में चिंता व्याप्त है, क्योंकि नगर के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र में हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बताया जा रहा है कि चोरी की वारदात गुरुवार तड़के करीब 3:15 बजे के आसपास हुई। सुबह लगभग 6 बजे जैन मंदिर में पूजा के लिए पहुंचे गोपाल बैरागी निवासी बोदीना ने दुकान का शटर आधा खुला देखा। स्थिति संदिग्ध लगने पर उन्होंने तत्काल दुकान संचालक को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस द्वारा संदिग्धों की तलाश में सर्चिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। एसडीओपी पुलिस सैलाना नीलम बघेल ने मौके पर पहुंचकर दुकान का निरीक्षण किया तथा दुकान संचालक से चर्चा कर जानकारी ली। नगरवासियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से सैलाना में चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे व्यापारी एवं आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इधर इंडियन नेशनल कॉंगेजस के सैलाना शहर अध्यक्ष सुशील मांडोत ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस के रवैये पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में कीर्ति विहार कॉलोनी में हुई लाखों रुपए की चोरी एवं मुख्य बाजार से हुई मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा भी अब तक नहीं हो पाया है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सुशील मांडोत ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस जल्द ही कीर्ति विहार कॉलोनी, मुख्य बाजार सहित अन्य चोरी की घटनाओं का खुलासा कर अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं करती है तो शहर कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सैलाना थाने का घेराव कर सैलाना बंद किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

## मेले का मामूली विवाद बना हत्या का कारण

- 36 घंटे में कृष्णपाल हत्याकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**आलोट।** धरोला मेले में हुए मामूली विवाद ने युवक की हत्या जैसी सनसनीखेज वारदात का रूप ले लिया। आलोट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कृष्णपाल हत्याकांड का मात्र 36 घंटे के भीतर खुलासा कर 3 आरोपियों एवं 2 विधि विरुद्ध बालकों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आलोट पल्लवी गौर के मार्गदर्शन में थाना आलोट पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार फरियादी श्याम सिंह सोंधिया निवासी खामरिया ने 19 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भतीजे कृष्णपाल सिंह का धरोला मेले में नाव झूले के अंदर थूकने की बात को लेकर कुछ युवकों से विवाद हो गया था। इसी रंजिश में आरोपियों ने कृष्णपाल सिंह को जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उपचार के लिए उसे संजीवनी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में थाना आलोट पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर विशेष टीम गठित की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर सूचना एवं अन्य सुरागों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी कुलदीप सिंह, युवराज सिंह, गोविंद सिंह एवं 2 विधि विरुद्ध बालकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना में शामिल होना स्वीकार किया, जिसके बाद उन्हें विधिसम्मत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कुलदीप सिंह निवासी मुंज, युवराज सिंह निवासी मुंज एवं गोविंद सिंह निवासी मुंज शामिल हैं। पुलिस मामले में प्रयुक्त जहरीले पदार्थ एवं अन्य तथ्यों को लेकर आरोपियों से पूछताछ कर रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मुनेन्द्र गौतम एवं थाना आलोट के समस्त स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## कांग्रेस कार्यालय में राजीव गांधी को श्रद्धांजलि

**रतलाम।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को कस्तूरबा नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा द्वारा राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित कांग्रेसजनों ने पुष्प अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री को नमन किया। सभा को संबोधित करते हुए पारस सकलेचा, यास्मीन शेरानी, रानी देवदा, आशा रावत, प्रदीप राठौड़, रामचंद्र धाकड़, विजय उपाध्याय एवं शांतु गवली ने व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अमर सिंह शेखावत, सलीम बागवान, मेहमुद शेरानी, सोनू व्यास, रमेश पोरवाल, हरविंदर सिंह, हसमतुल्लाह खान, इक्का बैलूत, पीयूष बाफना, एस.आर. बैरागी, राजनाथ यादव, किशनलाल गोसर, वीरेंद्र प्रताप सिंह, भंवरलाल शर्मा, राजकुमार लाला, साकिर खान, राधा प्रजापत आदि मोजूद थे।

## काश्यप जैसे गुरूभक्त मिल जाएं, तो हो सकते हैं अनेक अच्छे काम

- श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी का पदार्पण



**रतलाम।** पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी मसा के शिष्य वर्तमान गच्छाधिपति, आचार्यदेवेश श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. आदि ठाणा का गुरूवार सुबह कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के निवास पर पदार्पण हुआ। इससे पहले दिलबहार चौराहा से चल समारोह निकाला गया। इसमें मंत्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविंद काकानी एवं प्रवीण सोनी सहित गणमान्यजन एवं समाजजन शामिल हुए।

श्री सौधर्म वृहत्तपोगच्छीय राजेन्द्रसूरी त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ संरक्षक चेतन्य काश्यप ने परिवार सहित गच्छाधिपति के पदार्पण पश्चात गहुली कर आशीर्वाद लिया। उपस्थित गुरूभक्तों को संबोधित करते हुए श्री काश्यप ने कहा कि गुरू का आशीर्वाद उनके परिवार का सौभाग्य है। पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी म.सा. ने रतलाम में अंतिम चातुर्मास किया था। उनके बाद प्रथम शिष्य गच्छाधिपति, आचार्यदेवेश श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी म.सा. के माध्यम से सर्व समाज को उनकी कृपा दृष्टि प्राप्त हो रही है। गच्छाधिपति का 22 मई को सुबह लोकेन्द्र टाकीज क्षेत्र से नगर में मंगल प्रवेश होगा और मोहन टाकीज में धर्मसभा के बाद वे नीमवाला उपाश्रय में प्रवास करेंगे। इसके बाद 23 मई को वे जयंतसेन धाम जाएंगे और फिर इंदौर चातुर्मास के लिए विहार करेंगे। श्री काश्यप ने गुरूदेव को कांबली भी ओढाई। कार्यक्रम के आरंभ में मंगलाचरण हुआ। समापन पर गुरूदेव ने महामांगलिक श्रवण कराई। कार्यक्रम का संचालन राजकमल दुग्गड़ द्वारा किया गया। इस दौरान त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ अध्यक्ष सुशील छाजेड़, ट्रस्टीगण, विभिन्न श्रीसंघों के अध्यक्ष अशोक चौटाला, विनोद मेहता, अशोक चौपड़ा, प्रकाश दरड़ा, हिम्मत गेलड़ा, अजय खिमेसरा, रजनीकांत झामर, मांगीलाल जैन, मंगल अग्रवाल, गौरव अजमेरा और भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षगण तथा आरडीए पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## महायज्ञ का समापन, भंडारे में10 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की

- सुबह निकली गंगाजल कलश यात्रा, दोपहर में हवन-पूजन



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जावरा। ग्राम भीमाखेड़ी स्थित श्री महावीर हनुमान मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय एक कुंडीय महायज्ञ का गुरुवार को पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ समापन हुआ। आयोजन के अंतिम दिन निकाली गई गंगाजल कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं महाप्रसादी भंडारे में करीब 10 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

संकट मोचन के परम भक्त एवं समिति मार्गदर्शक अशोक आंटिया ने बताया कि श्री महावीर हनुमान मंदिर यज्ञ समिति एवं हनुमान भक्त मंडल भीमाखेड़ी द्वारा 17 मई से महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा था। यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने बोली लगाकर धर्मलाभ भी प्राप्त किया।

महायज्ञ के अंतिम दिन औद्योगिक थाने के समीप स्थित मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से गंगाजल कलश यात्रा प्रारंभ हुई, जो भीमाखेड़ी फाटक होते हुए ग्राम भीमाखेड़ी स्थित मंदिर पहुंची। यात्रा में 100 से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं ने सिर पर कलश धारण किए। ढोल, बैंड-बाजे और डीजे के साथ निकली यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

तेज धूप के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यात्रा के दौरान पाटीदार नवयुवकों द्वारा आइसक्रीम वितरण किया गया, जबकि विभिन्न स्थानों पर ठंडे पेय एवं फरियाली खिचड़ी की व्यवस्था भी की गई। यात्रा बालाजी हनुमान मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई, जहां यज्ञाचार्य पंडित महेश त्रिवेदी एवं उपाचार्य पंडित रविंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति संपन्न कराई।

इसके बाद श्री महावीर हनुमान मंदिर पर महाआरती आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम को आयोजित विशाल भंडारे में करीब 10 हजार श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में विधायक डॉ. राजेंद्र पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आयोजन को सफल बनाने में भरत पाटीदार, किशोर पाटीदार, राजेश राव, गोपाल पाटीदार, लक्ष्मण पटेल, हरिनारायण मोर्य, श्यामु महाराज, अनिल तांतेड़, जगदीश बैरागी सहित समिति सदस्यों एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। संचालन राजेश राव ने किया।

### एक नजर में

**95 प्रतिशत वाले को 15 हजार और 90 प्रतिशत वाले को 10 हजार का सौंपा चेक**

## संभाग टॉपर वाफिया को 51 हजार की स्कॉलरशिप देकर किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** सीबीएसई कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में महावीर जैन नेशनल स्कूल जावरा की छात्रा वाफिया सैय्यद ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संभाग में प्रथम स्थान एवं मध्य प्रदेश में कॉमर्स संकाय में द्वितीय स्थान हासिल किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का सम्मान किया।

संभाग टॉपर वाफिया सैय्यद को विद्यालय परिवार की ओर से मंच पर 51 हजार की स्कॉलरशिप प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके साथ ही विद्यालय द्वारा 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 15 हजार तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 10 हजार की छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय डायरेक्टर डॉ. अश्विन गंगवाल ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे परीक्षा परिणाम देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार और आत्मविश्वास का निर्माण करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। डॉ. गंगवाल ने इस अवसर पर कहा कि भविष्य में यदि विद्यालय का कोई विद्यार्थी राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करता है, तो उसे विद्यालय की ओर से 1 लाख की विशेष स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।




### मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर पुष्पमाला, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों का विशेष अभिनंदन किया गया। विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दे रहा था। विद्यालय की इस सफलता में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी सराहा गया। डॉ. गंगवाल ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी निरंतर सफलता प्राप्त कर रहे हैं।